## खबर संक्षेप

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शिकार की पुष्टि, टाइगर स्ट्राइक फोर्स ने संभाली जांच

**कटनी।** सिहोरा वन परिक्षेत्र में मृत मिले तेंदुए की मौत का रहस्य खुल गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने साफ कर दिया कि तेंदुए की जान करंट लगने से गई, यानी उसका शिकार किया गया था। वन विभाग ने पुष्टि की है कि शव से दांत और नाखून गायब थे, जिससे यह आशंका और गहरी हो गई कि अंग निकालने के लिए जानवर को मारा गया। करीब 250 एकड़ में फैली निसर्ग इस्पात फैक्ट्री अब जांच के घेरे में है। फैक्ट्री के तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, जबकि प्रबंधन और मैनेजर फरार बताए जा रहे हैं। वन विभाग ने बताया कि फैक्ट्री परिसर में पहले भी सूअरों का करंट लगाकर शिकार किया जा चुका है। इसी पैटर्न पर तेंदुए को भी मौत के घाट उतारा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए टाइगर स्ट्राइक फोर्स ने जांच अपने हाथ में ले ली है। फिलहाल पूरे क्षेत्र में वन अमला 24 घंटे तैनात किया गया है। अधिकारियों को शक है कि यह काम किसी अंतरराज्यीय शिकार गिरोह का है। विभाग का मानना है कि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद वन्यजीवों के अवैध शिकार का बड़ा नेटवर्क सामने आ सकता है।

### कटाये घाट मेला को लेकर बैठक आज

**कटनी।** नगर की सांस्कृतिक विरासत श्री बजरंग कटाये घाट मेला का आयोजन प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा से प्रारंभ किया जाता है। इस वर्ष भी कटाये घाट मेले का आयोजन भव्य पूर्ण तरीके से किए जाने हेतु निर्णय लिया गया है। सभी के आवश्यक सुझाव लिये जाकर मेला का सफल एवं भव्य पूर्ण आयोजन किए जाने हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ,निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार एवं पार्षद जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में मंगलवार 28 अक्टूबर को सायंकाल 4 बजे से मेयर इन काउंसिल सभागार में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिक, मेला समिति के सदस्यों एवं विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों के साथ सार्वजनिक बैठक का आयोजन किया गया है। महापौर श्रीमती सूरी, निगम अध्यक्ष श्री पाठक एवं निगमायुक्त सुश्री परिहार ने जनप्रतिनिधियों, स्कूल के शिक्षकों सहित गणमान्य नागरिकों से आयोजित बैठक में उपस्थित होकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रेषित करने का आग्रह किया है

### अब मांसात तक होगा कोदो - कुटकी उपार्जन के लिए पंजीयन

**कटनी।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने किसानों के हित में कोदो- कुटकी उपार्जन के लिए पंजीयन की तिथि 31 अक्टूबर 2025 तक बढ़ा दी है। उल्लेखनीय है कि रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत श्रीअन्न प्रोत्साहन कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा कटनी सहित प्रदेश के 16 जिलों क्रमशः जबलपुर, मंडला, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, रीवा, सीधी, सिंगरौली, मैहर, सतना, मऊगंज, बालाघाट एवं सिवनी में कोदो एवं कुटकी उपार्जन किया जाना है। खरीफ वर्ष 2025 में ई-उपार्जन पोर्टल पर पहले 24 अक्टूबर 2025 तक ही पंजीयन किए जाने का निर्णय लिया गया था। लेकिन किसानों की सुविधा के मद्देनजर अब पंजीयन तिथि को बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दिया गया है।

### शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर फसल ऋण योजना

**कटनी।** राज्य शासन ने वर्ष 2025-26 के लिये सहकारी बैंकों के माध्यम से प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) द्वारा शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को अल्पावधि फसल ऋण देने की योजना को निरंतर रखने का निर्णय लिया है। इस संबंध में राज्य शासन ने आदेश जारी किया है। जारी आदेशानुसार खरीफ 2025 सीजन के लिये देय तिथि 28 मार्च 2026 तथा रबी 2025-26 सीजन के लिये देय तिथि 15 जून 2026 नीयत की गई है।

---

### आरोपियों को न्यायलय से नहीं मिली जमानत, भेजा गया जेल

# ईनाम घोषित होने के बाद मटवारा कांड के चारों आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



थाना क्षेत्र के मटवारा में 13 अक्टूबर की रात मानवीयता को शर्मसार करने देने वाला घटनाक्रम पेशाब कांड जो बहुचर्चित हो गया था उस पेशाब कांड के चारों आरोपियों को आख़रिकार 10 दिन बाद स्लीमनाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी उपरांत सोमवार को चारों आरोपियों को न्यायलय मै पेश किया गया। न्यायलय से आरोपियों को जमानत नहीं मिली ओर न्यायलय ने उन्हें जेल भेज दिया।

#### एसपी ने रखा था 10 हजार का इनाम

13 अक्टूबर को मटवारा निवासी दलित युवक राजकुमार चौधरी के साथ मटवारा सरपंच सहित चार लोगों ने मारपीट करते हुये मूत्र त्याग को अंजाम दिया था। पीड़ित युवक राजकुमार चौधरी ने पुलिस को शिकायत देते हुये यें आरोप लगाए थे। राजकुमार की शिकायत पर पुलिस ने 16 अक्टूबर को मटवारा सरपंच सहित चार लोगों के खिलाफ मारपीट सहित एससी /एसटी का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था।

प्रकरण दर्ज होने के बाद से ही चारों आरोपी फरार चल रहे थे। मटवारा पेशाब कांड के आरोपियों को पकड़ने एसपी के आदेश पर चार विशेष पुलिस टीमें गठित की गईं थी। पुलिस के द्वारा आरोपियों के संभावित ठिकानो पर दबिश दी गईं लेकिन आरोपी पकड़े नहीं गये। वही भीम आर्मी ने 28 अक्टूबर को प्रदेश व्यापी जेल भरो आंदोलन का अल्टीमेटम दिया था। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर रविवार को पुलिस अधीक्षक ने आरोपियों पर 10 हजार का इनाम घोषित किया था। इनाम घोषित होने के बाद रविवार की रात ही स्लीमनाबाद पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

#### इनकी हुई गिरफ्तारी

थाना प्रभारी सुदेश कुमार सुमन ने बताया कि आरोपी रामानुज पाण्डेय पिता रामकिशोर पाण्डेय 60 साल , रामबिहारी पिता कठोरीलाल काछी उम्र 50 साल , सतीष पिता नारायण पाण्डेय उम्र 42 साल , पवन पिता रामानुज पाण्डेय उम्र 32 साल सभी निवासी मटवारा थाना स्लीमनाबाद को गिरफ्तार कर पूछताछ की गयी जिनके द्वारा जुर्म करना स्वीकार किया गया।

#### कार्रवाई में ये रहे शामिल

आरोपियों को पकड़ने में थाना प्रभारी स्लीमनाबाद सुदेश कुमार , उनि किशोर व्दिवेदी , काशीराम झारिया , उनि सिद्धार्थ राय, उनि रूपेंद्र राजपूत, उनि महेंद्र जायसवाल,उनि योगेश मिश्रा, सउनि जुबेर अली , सउनि मानकी धुर्बे , प्र.आर. तेज प्रकाश , विजय सिंह, अंकित दुबे , लखन पटेल,आर.मनीष पटेल , रोहित पाटकर , रजनीश तेकाम , अभिषेक सिंह , आशीष पटेल ,सौरभ पटेल , सोने सिंह , योगेश पटेल, सुनीता सिंह , नेहा शर्मा, रागिनी सिकरवार, अजय साकेत, सतेंद्र राजपूत, अमित श्रीपाल सायबर सेल की अहम भूमिका रही।

---



# तालाब में नहा रहे 13 वर्षीय बालक की डूबने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के कटारिया गांव में सोमवार दोपहर एक 13 साल के लड़के की तालाब में डूबने से मौत हो गई। बालक बेलवाड़ा तालाब में नहा रहा था। वह अपने दादा-दादी के घर घूमने आया था। सूचना मिलते ही ढीमरखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक बालक सत्यम (13 वर्ष) मोहित गडारी का बेटा था और मड़वा, थाना चंदिया का निवासी था। वह इन दिनों कटारिया गांव स्थित अपने दादा-दादी के घर आया था। सोमवार दोपहर सत्यम गांव के बेलवाड़ा तालाब में नहाने गया था, जहां वह गहरे पानी में चला गया और उसकी डूबने से मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद ढीमरखेड़ा पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के मार्गदर्शन में पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर बालक की तलाश शुरू की। काफी मशक्कत के बाद सत्यम के शव को पानी से बाहर निकाला गया।

पुलिस ने मर्ग पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजा। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

---

### वॉटरशेड जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक का हुआ आयोजन

# चिया की खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने एवं सब्जी उत्पादन में संख्या बढ़ाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत वाटरशेड जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक सोमवार को कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहीं।

बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने वाटरशेड योजना सहित विभिन्न योजनाओं के अभिसरण से किये गये कार्यों के क्रियान्वयन के बाद आमजन के जीवन में आये बदलावों और प्रभावों का विश्लेषण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में क्लस्टर आधारित सब्जी उत्पादन गतिविधि में किसानों की संख्या को बढ़ाने और ग्रामीणों को चिया की खेती के प्रति और प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि किसानों को चिया सीड का वाजिब मूल्य दिलानें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से मार्केटिंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। किसानों को अच्छी कीमत मिलने से वे इसकी खेती के प्रति प्रोत्साहित होंगे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि मां की बगिया और अन्य जलीय संरचनाओं के निर्माण में साइट सलेक्शन के लिये सिपरी साफ्टवेयर का उपयोग किया जाय।

बैठक में बताया गया कि वाटरशेड और राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन की संयुक्त अभिसरण से मुर्रा प्रजाति की 94 भैंस स्व-सहायता समूहों के माध्यम से हितग्राहियों को प्रदान की गई थीं। जिस पर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि भैंस प्राप्त करने वाले परिवारों के आमदनी में वृद्धि और इसके बाद उनकी जिंदगी में आये बदलाव के प्रभाव का भी आकलन किया जाय। उन्होंने मुर्रा भैंस पाने वाले हितग्राहियों के गांवों को सांची के मिल्क रूट में शामिल कराने की हिदायत दी। बैठक में उपसंचालक कृषि डॉ आर एन पटेल, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन वी ए सिद्दीकी, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास वनश्री कुर्वेती, वाटरशेड प्रभारी जिला पंचायत कमलेश सैनी, गौरीशंकर खटीक सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहें।

---

### घाटों में व्रती महिलाओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य



छठ महापर्व के तीसरे दिन व्रती महिलाओं ने अस्तांचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। छठ पूजन के लिए गायत्रीनगर के बाबाघाट व उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह के चक्की घाट सहित अन्य घाटों में विशेष व्यवस्थाएं की गई थी। छठ के तीसरे दिन डूबते हुए सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है। व्रती महिलाएं नदी किनारे बने हुए छठ घाट पर शाम के समय भगवान भास्कर की उपासना करती हैं। व्रती पानी में खड़े होकर ठेकुआ, गन्ना समेत अन्य प्रसाद सामग्री से सूर्यदेव को अर्घ्य देती हैं और अपने परिवार, संतान की सुख समृद्धि की प्रार्थना करते हैं। बादलों की वजह से सूर्य देव के दर्शन नहीं हो सके।

---

### ढीमरखेड़ा पुलिस ने विद्यालय में चलाया जागरूकता अभियान

# फ्राड से बचाव एवं ट्रैफिक रूल्स की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



लगातार लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर स्थित मॉडल स्कूल में पुलिस जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां पर छात्र-छात्राओं को विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने कहा कि साइबर फ्रॉड से बचने के लिए आधुनिक तकनीक को समझना और जागरूक होना बहुत जरूरी है अपनी व्यक्तिगत एवं गोपनीय जानकारियां सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर करने से बचें।

ट्रेफिक अवेयरनेस के बारे में हेलमेट पहनने के फायदे एवं ना पहनने से होने वाली जनहानि के बारे में बताते हुए थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने कहा कि कोरोना काल में जितनी मृत्यु कोरोना से नहीं हुई उससे कहीं ज्यादा मृत्यु प्रतिवर्ष एक्सीडेंट से होती हैं। छेड़छाड़ की घटनाओं को रोकने के लिए छात्राओं से अपील की गई कि गोपनीय रूप से पुलिस को जानकारी दे सकती हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि नशे से किसी भी इंसान को चार प्रकार की हानियां होती हैं। सबसे पहले शारीरिक, फिर मानसिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से नशा व्यक्ति को पूरी तरह से तबाह कर देता है। एक व्यक्ति को नशे की लत लग जाने के कारण उसका पूरा परिवार परेशानियों का सामना करता है। साथ ही पढ़ाई के साथ-साथ अपना करियर कैसे बनाएं इसके बारे में भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के अलावा शिक्षक गण और पुलिस स्टाफ भी मौजूद रहे।

---

### मवई पंचायत का मामला, शराब की अवैध बिक्री तत्काल बंद कराने मांग

# अवैध शराब विक्रय को लेकर विधायक के सामने फूटा महिलाओं का गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



गाँव मे लगातार हो रही अवैध शराब विक्रय को लेकर ग्रामीणों का विरोध लगातार सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन पर उतर आया है। स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र में आये दिन किसी न किसी गाँव मै पैकारियो को बंद कराने विरोध प्रदर्शन हो रहा है। हाल ही मे गत दिवस जब बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडेय बूथ बैठक मै शामिल होने जब मवई ग्राम पहुंचें तो मवई ग्राम की महिलाओ ने विधायक से गाँव से तत्काल पैकारी जो खुली है जिनसे शराब बिक्री हो रही उन्हें बंद कराये।

विधायक प्रणय पांडेय ने महिलाओ की पूरी बात सूनी ओर महिलाओं के इस साहस की सराहना की। महिलाओ ने कहा कि गाँव में लगभग दो वर्षो से लगातार अवैध शराब का विक्रय किया जा रहा है। कौड़िया शराब दुकान संचालक अपने गुर्गो के माध्यम से रोजाना गाँव मे अवैध शराब पंहुचा रहा है। गाँव मे फुटकर विक्रय करने वालो को मोटा कमीशन देकर खुलेआम शराब का विक्रय कराया जाता है।ग्राम मवई मे दो अवैध शराब विक्रय करने के ठिकाने बनाये गए है जहाँ अवैध रूप से शराब की बिक्री की जाती है।

गाँव के मुख्य चौराहे पर शराब बिक्री होने से रोजाना विवाद होते है शराब का सेवन करने वाले शौकीन लोग रोजाना बड़ी संख्या मे आसपास गाँव से पहुंचते है, जो देर रात तक गाली गलौच किये जाने की आवाजे सुनाई देती है जिससे ग्रामीणों मे भारी आक्रोश ब्याप्त है। युवा पीढ़ी नशे के सेवन करने जीवन को बर्बाद कर रही है। अवैध शराब विक्रय तत्काल बंद कराने ओर अवैध रूप से शराब एवं विक्रय कर्ताओ के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की माँग की है।

यदि ग्राम मवई से अवैध शराब बिक्री को बंद नहीं किया जाता तो फिर धरना प्रदर्शन करेंगे।महिलाओ की पूरी बात सुनने के बाद विधायक प्रणय पांडेय ने आश्वासन दिया कि गाँव से अवैध रूप से विक्रय हो रही शराब को बंद कराया जायेगा।

विधायक ने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को पैकारी बंद कराने को कहा। गाँव नशा मुक्त हो इस दिशा में महिलाओ का कदम सराहनीय है।

---

### रवि योग के संयोग में मनेगी देवउठनी एकादशी, शुरू होंगे मांगलिक कार्य

# चार माह की योग निद्रा से जागेंगे श्रीहरि विष्णु, होगा तुलसी-शालिग्राम विवाहोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन चार माह के विश्राम के बाद भगवान श्री हरि निद्रा से जागेंगे। देवउठनी एकादशी 1 नवंबर को मनाई जाएगी। इस दिन लोग घरों में भगवान सत्यनारायण की कथा सुनने के साथ ही तुलसी-शालिग्राम के विवाह पूजन भी करेंगे। देवों के जागने के साथ ही मांगलिक कार्यों पर लगा विराम भी हट जाएगा और शादी विवाह भी शुरू हो जाएंगे।

#### विशेष मुहूर्त में होगा पूजन

पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि देवउठनी एकादशी को प्रबोधनी एकादशी, दवोत्थानी एकादशी भी कहा जाता है। सनातन धर्म मे देवोत्थान एकादशी तिथि का विशेष महत्व है। यह दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित होता है।

देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु क्षीर सागर मैं नीद से जागृत होते है। इस बार देवउठनी एकादशी पर सर्वार्थ सिद्दि व रवि योग का संयोग बन रहा है। इन योग में लक्ष्मी नारायण की पूजा करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होगी। साथ ही वैवाहिक कार्यों की भी शुरुआत हो जाएगी।

इसके साथ ही इस दिन से सभी प्रकार के शुभ मांगलिक कार्य नींव पूजन ,गृह प्रवेश यज्ञोपवीत संस्कार,मुंडन, विवाह तथा सभी प्रकार के अन्य शुभ मांगलिक कार्य शुरू हो जायेंगे।

#### देवउठनी एकादशी का महत्व

पंडित रमाकांत पौराणिक ने बताया कि आषाढ़ मास की देवशयनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु चार माह के लिए योग निद्रा में चले जाते हैं व देवउठनी एकादशी को योग निद्रा से जागते है।पूरे साल में आने वाली एकादशियों में देवउठनी एकादशी को श्रेष्ठ माना गया है।

इस दिन से मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं। इस दिन तुलसी विवाह कराना शुभ होता है।मंदिरों व घरो मैं बनेंगे गन्ने के मंडप-देवउठनी एकादशी पर घर-घर गन्ने के मंडप बनाकर तुलसी शालिग्राम विवाह का पूजन होगा।घरो के अलावा मंदिरों मैं भी विशेष पूजन होगा व तुलसी विवाह की बारात भी निकाली जाएगी।

स्लीमनाबाद स्थित रसिक बिहारी जू मंदिर मे तुलसी-शालिग्राम विवाहोत्सव कार्यक्रम होगा। जहां सिंहवाहिनी महिला मंडल के द्वारा विशेष कार्यक्रम किया जाएगा। इसके साथ हरिदास ब्रजधाम कोहका,जगदीश धाम खिरहनी,कौड़यिा स्थित श्रीराम जानकी मंदिर मे भी विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे।

---

# कटाये घाट नदी पर एक नवंबर को होगा दीपोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राज्य शासन द्वारा नगर के पवित्र नदियों के घाटों पर दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश के परिपालन में 1 नवंबर शनिवार मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर कटाए घाट नदी के किनारे दीपोत्सव एवं अन्य गतिविधियों का वृहद आयोजन किया जाएगा। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने दीपोत्सव कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं सुचारू व्यवस्थाओं हेतु आदेश जारी कर विभागीय अधिकारियों को पृथक पृथक दायित्व सौंपे हैं। निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा जारी आदेश के अनुरूप दीपोत्सव कार्यक्रम में संपूर्ण कार्य व्यवस्थाओं का प्रभारी अधिकारी उपायुक्त शैलेश गुप्ता को बनाते हुए कटाये घाट नदी,सीढ़ी,मंदिर,पार्किंग एवं कटाये घाट पहुँच मार्ग में विशेष साफ-सफाई,चूने की लाइनिंग, कीटनाशक दवा छिड़काव एवं आवारा मवेशियों के नियंत्रण हेतु प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी के साथ क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक को दायित्व सौंपे गए हैं। कटाये घाट में दीपोत्सव कार्यक्रम हेतु ले-आउट व कार्ययोजना तैयार करने, दीपदान हेतु घाट,पार्किंग व पहुंच मार्ग में अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था, शुद्ध पेयजल,कार्यक्रम स्थल में अग्निशमन वाहन की व्यवस्था,मंच संचालन,टेंट, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा की दृष्टि से घाटों पर बेरिकेडिंग करने दायित्व सौंपे हैं।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक कल

**कटनी।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक बुधवार 29 अक्टूबर को जिला पंचायत के सभा कक्ष में दोपहर 12 बजे से पूर्व निर्धारित एजेंडा के अनुसार आयोजित होगी। उल्लेखनीय है कि बुधवार,15 अक्टूबर को आहूत सामान्य सभा की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई थी। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने बताया कि सामान्य सभा की बैठक में पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा के साथ कृषि, मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी, शिक्षा, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, पीआईयू, सहकारिता,महिला एवं बाल विकास,वन, खनिज, नर्मदा घाटी ,उद्योग, प्रधानमंत्री सड़क एवं सिंचाई विभाग के अंतर्गत विभागीय योजनाओं, गतिविधियों और प्रगति की जानकारी पर चर्चा होगी। सुश्री कौर ने सर्व संबंधित विभाग प्रमुखों एवं समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों/ सहायक यात्रियों को पूर्व बैठक के निर्णय एवं चर्चा अनुसार पालन प्रतिवेदन की जानकारी सहित बैठक में निर्धारित तिथि एवं समय पर स्वयं उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

### जिले में अब तक 1165.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज



**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से सोमवार 27 अक्टूबर तक कुल 1165.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1481.7 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 1087.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 7.2 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 1223.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 1481.7 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 1040.0 मिलीमीटर, बरही तहसील में 1053 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 999.9 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 1057 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 1356.8 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 1111.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### पोर्टल पर समग्र आई डी का आधार के साथ ई-केवाईसी करना अनिवार्य

**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों को सूचित किया गया है कि पोर्टल पर समग्र आईडी की आधार से ई-केवाईसी (eKYC) कराना अब अनिवार्य कर दिया गया है। अतः जिन नागरिकों ने अभी तक अपने समग्र की आधार से ई-केवाईसी पूर्ण नहीं कराई है, वे 31 अक्टूबर 2025 तक नगर निगम कार्यालय, जोन कार्यालय में संपर्क कर अपनी जानकारी सत्यापित कराते हुए ई के वाई सी करा सकते है। नगर निगम उपयुक्त एवं नोडल अधिकारी समग्र शैलेश गुप्ता ने बताया कि ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण न होने की स्थिति में ऐसी आई डी को डुप्लीकेट आई डी मानते हुए उन्हें पोर्टल से डिलीट करने की कार्यवाही की जाएगी । जिससे संबंधित शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्राप्त करने में असुविधा हो सकती है। अतः नागरिकों से अनुरोध है कि जिन्होंने अभी तक अपनी आई सी अपडेट नहीं कराई है वे निर्धारित अवधि 31 अक्टूबर 2025 के पूर्व समग्र आईडी का आधार से ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण करा लें ताकि उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ पूर्व की भांति मिलता रहे। नागरिकों के लिए समग्र आईडी का आधार से ई-केवाईसी का कार्य एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर, सीएससी, कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से कराया जा सकता है। इसके अलावा यह प्रक्रिया सीधे समग्र पोर्टल www.samagra.gov.in एवं समग्र मोबाइल एप पर भी की जा सकती है।

---

### सीएम हेल्पलाइन सहित लंबित न्यायालयीन प्रकरणों की कलेक्टर ने की समीक्षा

# गांवों में जाए और किसानों से करें संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



खाद वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करें। गांवो मे जांये तो किसानों से संवाद अवश्य करें। पीओएस मशीन में उर्वरक स्टॉक की उपलब्धता देखें और इसका भौतिक सत्यापन अवश्य करें। कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को यह निर्देश सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में दिये।

कलेक्टर श्री तिवारी ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों, टीएल पत्रों, लंबित पेंशन प्रकरणों, समग्र ई-केवाईसी, खाद्यान्न ई-केवाईसी, फार्मर रजिस्ट्री सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर एवं अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा भी मौजूद रहे।

#### दें कटनी विजन की जानकारी

कलेक्टर श्री तिवारी ने प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार 2025 के अंतर्गत आकांक्षी विकासखंड रीठी के नॉमिनेशन हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों से 3 दिवस में जानकारी प्रेषित करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार कलेक्टर श्री तिवारी ने कटनी विजन@2047 के तहत विभागों से जानकारी एवं योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बेहतर सेचुरेशन के लिये सुझाव मांगे।

#### सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

कलेक्टर श्री तिवारी ने सीएम हेल्पलाइन में जिले को प्रदेश में तीसरी रैंक प्राप्त करने पर सभी अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने पीएम किसान, नामांतरण, भुगतान और लाड़ली बहना योजना से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी प्रकार उन्होंने सीमांकन एवं अभिलेख दुरूस्ती के मामलों के निराकरण में तेजी लाने की हिदायत दी।

#### लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने शिक्षा, राजस्व, जेल, श्रम, कृषि एवं पशुपालन सहित अन्य विभागों के अंतर्गत लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा करते हुये इनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने सभी विभागों के डीडीओ को उनके विभाग में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों में आने वाली समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए।

#### समग्र ई-केवाईसी की समीक्षा

कलेक्टर श्री तिवारी ने समग्र ई-केवाईसी की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने विशेष तौर पर नगर निगम की ई-केवाईसी की मौजूदा प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया।

इसी प्रकार खाद्यान्न ई-केवाईसी की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा के दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने जानकारी दी कि बीते सप्ताह जिले में 15 हजार 842 हितग्राहियों की ई-केवाईसी की जा चुकी है। इस दौरान अक्टूबर माह में खाद्यान्न कम वितरित होने पर कलेक्टर श्री तिवारी ने माह के अंत तक शत प्रतिशत खाद्यान्न वितरण पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

#### अवमानना एवं उच्च न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा

कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग, जिला परियोजना समन्वयक, सभी जनपद पंचायतों, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों के अवमानना एवं उच्च न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुये इन प्रकरणों में समय पर जवाब देने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि शासन की भूमि से संबंधित मामलों में अवश्य जवाब दें।

मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर 1 नवंबर से 3 नवंबर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा करते हुये कलेक्टर श्री तिवारी ने शासन से प्राप्त निर्देशानुसार कार्यक्रम कराये जाने के निर्देश दिये। साथ ही इस अवसर पर जीएसटी बचत, स्वदेशी एवं एक जिला एक उत्पाद को चिन्हांकित करती प्रदर्शनियों को लगाये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहेरिया ने पावर पाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से ऑनलाइन एमएलसी रिपोर्ट व पोस्टमार्टम रिपोर्ट की प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दीं। बैठक के दौरान सभी डिप्टी कलेक्टर, सभी एसडीएम, जिला श्रम अधिकारी के बी मिश्रा, जिला पंजीयक पंकज कोरी आदि की उपस्थिति रही।

---

## हर्ट फ्री काउंटर और इंसीडेंट रिपोर्टिंग सिस्टम

**किसी भी दुर्घटना या घटना की डिजिटल रिपोर्टिंग को सरल और त्वरित बनाना है उद्देश्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

श्रम विभाग द्वारा औद्योगिक दुर्घटनाओं की निगरानी के लिये हर्ट फ्री काउंटर और इंसीडेंट रिपोर्टिंग सिस्टम का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। संचालक औद्योगिक सुरक्षा नमिता तिवारी ने बताया है कि हर्ट फ्री काउंटर प्रणाली का उद्देश्य कार्यस्थलों पर बिना किसी औद्योगिक दुर्घटना के बीते दिनों की गणना एवं प्रदर्शन करना है। इसके माध्यम से विभाग प्रत्येक उद्योग या निर्माण स्थल पर सुरक्षा के स्तर की निगरानी कर सकेगा तथा 'शून्य दुर्घटना की दिशा में प्रेरणा प्रदान करेगा। 'इंसीडेंट रिपोटिंग सिस्टम का उद्देश्य किसी भी दुर्घटना या घटना की डिजिटल रिपोटिंग को सरल और त्वरित बनाना है। इस प्रणाली से अधिकारी तत्काल सूचना प्राप्त कर सकेंगे और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कर सकेंगे। इससे दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं शीघ्र समाधान में सहायता मिलेगी।

एनआईसी द्वारा विकसित दोनों प्रणाली श्रम विभाग के कंट्रोल रूम एवं वर्कफोर्स मैनेजमेंट सिस्टम से एकीकृत हैं। जिससे निगरानी और विश्लेषण की प्रक्रिया और अधिक सुदृढ हो गई है। इन प्रणालियों का तकनीकी विकास राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एन आई सी) द्वारा किया गया है। यह सिस्टम पूर्ण रूप से कार्यान्वित हो गया है।

## वृद्ध के साथ धोखाधड़ी कर खाते से निकाल लिए 4 लाख 80 हजार

**कटनी।** रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत मंगलनगर निवासी एक वृद्ध को अज्ञात व्यक्ति ने लाखों की चपत लगा दी। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार अरूण कुमार अग्रवाल पिता स्व प्रेमलाल अग्रवाल 60 साल निवासी मंगलनगर ने अपनी शिकायत में बताया कि अज्ञात आरोपी द्वारा गाली गलौज, मारपीट एवं धोखाधडी कर 4 लाख 80 हजार रुपए अकाउंट से निकाल लिया।

---

## बेमौसम बारिश बढ़ा रही किसानों की आफत, नुकसान का डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



खेतो में खड़ी खरीफ सीजन की प्रमुख धान फसल पर बारिश का खतरा मंडराने लगा है। इससे बचाव के लिए अन्नदाता इंद्रदेव से प्रार्थना कर रहे हैं। कृषि विभाग के अधिकारी कह रहे हैं कि बहोरीबंद विकासखण्ड में 20 फीसदी फसल खेतों से कट गई है, लेकिन अभी भी 80 फीसदी फसल कटाई के लिए शेष है। कार्तिक मास मै लगातार मौसम बदलाव से किसानो के सामने चिंता के बादल मडराने लगे है। सोमवार की दोपहर अचानक स्लीमनाबाद मै जोरदार बारिश का सिलसिला शुरू हो गया। लगभग आधे घंटे तक जोरदार बारिश हुई। बारिश से होने से धान कटाई कार्य रुक गया, हार्वेस्टर मशीने कटाई कार्य बंद कर खेतों से बाहर निकल आई। जोरदार बारिश होने से पकी हुई धान की उपज जहाँ फिर गीली हो गईं वही खेतों में जलभराव भी हो गया जिससे कटाई कार्य 5-7 दिनों के लिए पिछड़ गया। धान कटाई पिछड़ने से आगे रबी सीजन कृषि कार्य मै लेटलतीफ़ी होगी।

जानकारी के अनुसार बहोरीबंद विकासखण्ड में खरीफ सीजन फसल का रकबा 25 हजार हेक्टेयर में था।धान की जो फसल पककर तैयार हो चुकी थी, उसकी कटाई-मिसाई का कार्य हो गया। खरीफ सीजन की फसल की बोवनी समय से हो गईं थी लेकिन चार माह वर्षा काल के पर्याप्त बारिश होने से उसके पकने में लेटलतीफी हुई। फसल पककर तैयार हो गईं थी लेकिन मानसून सिस्टम एक्टिव हो गया ओर फिर से बारिश का दौर शुरू हो गया। कृषि अधिकारियों की मानें तो बारिश का यें संकट टल जाये तो किसानों की मेहनत बेकार नहीं जाएगी।

कृषक शिवलाल यादव,पवन यादव,कृष्णकांत कुशवाहा, सुरेश विश्वकर्मा ने बताया कि फसल गिर जाने से हार्वेस्टर भी सही तरीक़े से कटाई कार्य नही कर पायेगा। साथ ही जो धान की फसल पककर खेतो मैं खड़ी है बारिश होने से धान की बालियों मैं कालापन आएगा। वर्षा से खेतों में जलभराव हो गया है, जिस कारण फसल गीली हो गई हैं जिस कारण कटाई-मिसाई कार्य रुका हैं।

मौसम के मिजाज को देखते हुए हर किसान चाह रहा है कि वह अतिशीघ्र अपनी धान फसल की कटाई व मिसाई कर उसे सुरक्षित कर दे। किसानों द्वारा इस कार्य के लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ा दी गई है, ऐसे में श्रमिकों की मांग अचानक बढ़ गई है। जिसके चलते श्रमिकों की कमी हो गई है और किसानों को एक साथ श्रमिक नहीं मिल पा रहे हैं। जिन किसानों के यहां श्रमिक लगे हैं वह उन्हें छोडन्ना नहीं चाह रहे। जिससे किसानों की मुश्किल बढ़ रही है।

## नई बस्ती में सप्त शक्ति कार्यक्रम का हुआ आयोजन



विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा जिला केंद्र नई बस्ती कटनी में आयोजित सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि श्रीमती प्रीति सूरी महापौर कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. उमा निगम स्त्री रोग विशेषज्ञ विशिष्ट अतिथि अनु शशांक श्रीवास्तव जिला संयोजिका एवं मुख्य वक्ता के रूप में हीरामणि बरसैया कुटुंब प्रबोधन सुश्री अंकिता तिवारी भारत विकास में महिलाओं की भूमिका मंच में उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन नितिन नायक द्वारा किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना जिला सहसंयोजिका कुमुद रानी दुबे प्रधानाचार्य द्वारा रखी गई मात शक्तियों का गीत/ वाद्य यंत्रों के साथ श्यामली बनर्जी एवं शुभी, शुभांशी तिवारी द्वारा हुआ इस कार्यक्रम में लगभग 250 महिलाएं समाज से उपस्थित रही प्रारंभिक आशीर्वचन डॉ० उमा निगम द्वारा किया गया सभी उपस्थिति मातृ शक्तियों का आभार ज्ञापन विद्यालय संयोजिका शक्ति तिवारी द्वारा किया गया।

---

## पीएम विकसित भारत रोजगार योजना से मिलेगी कर्मचारियों और नियोक्ताओं को वित्तीय सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रोजगार सृजन और सामाजिक सुरक्षा को प्रोत्साहन देने तथा पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों और नियोक्ताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा 1 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 तक प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना लागू की गई है। यह योजना सभी क्षेत्र पर लागू होगी एवं इसके अंतर्गत विनिर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही यह योजना कर्मचारियों को वित्तीय साक्षरता भी प्रदान करेगी।

योजना के तहत पहली बार रोजगार पाने वाले कर्मचारियों के लिए एक माह के समान वेतन (अधिकतम 15 हजार रूपये) दो किश्तों में दिये जाएंगे। राशि का भुगतान कर्मचारी को दो किश्तों में मिलेगा। योजना की द्वितीय किश्त पात्रता हेतु वित्तीय साक्षरता पात्रता लागू होगी। इसके अंतर्गत एक लाख प्रति माह तक वेतन वाले कर्मचारी पात्र होंगे।

वहीं नियोक्ताओं के लिए कंपनियों को दो वर्ष तक वेतन के अनुपात में प्रोत्साहन दिया जाएगा। यह प्रति कर्मचारी अधिकतम 3 हजार रूपये होगा। विनिर्माण क्षेत्र से रोजगार देने पर तीसरे और चौथे वर्ष भी प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। योजना के लाभ हेतु नियोक्ता को अपना पंजीकरण नियोक्ता पोर्टल के माध्यम से करना होगा। 50 से कम कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों को न्यूनतम 2 एवं 50 से अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों को न्यूनतम 5 नये कर्मचारियों को नियोजित करना होगा ।

#### मासिक वेतन के अनुसार मिलेगा लाभ

दस हजार रूपये तक के वेतन स्लैब पर नियोक्ता को प्रतिमाह, प्रति कर्मचारी, 1 हजार रूपये तक लाभ, 10 से 20 हजार रूपये तक के वेतन पर 2 हजार रूपये और 20 से 30 हजार रूपये तक के वेतन स्लैब पर 3 हजार रूपये प्रति कर्मचारी प्रति माह का लाभ होगा।

सभी भुगतान आधार ब्रिज पेमेंट सिस्टम (एबीपीएस) का उपयोग करके डीबीटी के जरिए किया जाएगा। जबकि नियोक्ताओं को भुगतान सीधे उनके पैन से जुड़े खाते में किया जाएगा । योजना की अधिक जानकारी हेतु टोल फ्री नंबर 14480 पर और दूरभाष नंबर 0761-2640680 संपर्क कर सकते है।

---

**महाविद्यालय बरही में आयोजित कार्यक्रम में दी महत्वपूर्ण जानकारी**

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नवीन प्रावधानों पर कार्यशाला का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शासकीय महाविद्यालय बरही में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अध्यादेश 14 (1) एवं अध्यादेश 14(2) के प्रावधानों से स्टॉफ के सदस्यों एवं विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं डॉ अरविन्द सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. अरविन्द सिंह ने बताया कि यह नवीन अध्यादेश सत्र 2025-26 से प्रदेश के समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों में लागू हो गया है। जिससे सभी शिक्षण संस्थानों में एक जैसी क्रेडिट प्रणाली होगी, विद्यार्थियों को एक संस्थान से दूसरे संस्थान में स्थानांतरण लेने में भी सुविधा होगी। इस अध्यादेश के तहत विद्यार्थियों को श्रेणी सुधार के भी अवसर प्रदान किए जाएंगे, जो पूर्व के अध्यादेश में उपलब्ध नहीं थे। पहले जहां केवल एक मुख्य विषय चयन का विकल्प रहता था, अब विद्यार्थी दो मुख्य विषयों का चुनाव कर सकेंगे। यदि किसी संस्था में विषय उपलब्ध नहीं हैं, तो विद्यार्थियों को ऑनलाइन विकल्प चुनने की सुविधा भी दी जाएगी। पहले तीनों वर्षों में भाषा अध्ययन अनिवार्य नहीं था, जबकि नवीन अध्यादेश में तीनों वर्षों में भाषा अध्ययन अनिवार्य होगा। इस अध्यादेश के तहत भारतीय ज्ञान परंपरा, मूल्य संवर्धन एवं कौशल विकास को भी पाठ्यक्रमों में शामिल किया गया है। यह अध्यादेश शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को समाज से जोड़ने, प्रतिभावान विद्यार्थियों को अनुसंधान का अवसर प्रदान करने एवं उनके सर्वांगीण विकास को भी प्रोत्साहित करता है। नवीन अध्यादेश क्रमबद्ध रूप से स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में लागू होगें।

डॉ. के. के. विश्वकर्मा द्वारा ए. ई. डी. पी. पाठ्यक्रमों एवं उससे संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। वहीं डॉ. सुनीता सिंह द्वारा अपार आईडी एवं अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हुए उसकी उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी गई। मनीष मिश्रा ने स्वयं पोर्टल में पंजीयन, ऑनलाइन अध्ययन, क्रेडिट अंक अर्जित करने की प्रक्रिया एवं अन्य आवश्यक जानकारी दी।

---

**तीन स्थलों में 31 अक्टूबर तक आयोजित होगा आवास-मेला**

# आवास मेला में 170 हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी ए.एच.पी. घटक के अंतर्गत प्रेम नगर-खिरहनी के ई.डब्ल्यू.एस. आवास के हितग्राहियों से योजनांतर्गत अंशदान ऋण स्वीकृत करने के संबंध में निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में सोमवार को नगर निगम कार्यालय परिसर एवं टी.सी. बजान. स्कूल सहित जोन कार्यालय 04 में आवास मेले का आयोजन किया गया। मेले के दौरान हितग्राहियों को योजना की आवश्यक जानकारी प्रदान कर आवश्यक दस्तावेज जमा कराते हुए अंशदान जमा करने एवं ऋण स्वीकृति की कार्यवाही की गई। साथ ही इस दौरान पी.एम स्वनिधि व समग्र का भी स्टॉल लगाया जाकर नागरिकों को लाभान्वित किए जाने की कार्यवाही की गई। मेले के दौरान उपायुक्त शैलेश गुप्ता,प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा,असित खरे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना अनिल जायसवाल ने बताया कि आवास मेले के आयोजन के दौरान नगर के विभिन्न बैंक प्रतिनिधियों की मौजूदगी रही। श्री जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी ए.एच.पी. घटक के नगर के 554 चयनित हितग्राहियों को अंशदान की राशि 1.80 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत करने की कार्यवाही की जा रही है,जिसमें सोमवार को आयोजित मेले माध्यम से चयनित 170 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया एवं बी.एल.सी घटक के आवेदन भी प्राप्त किए गए हैं।मेले का मुख्य उद्देश्य शासन मंशानुरूप चयनित हितग्राहियों को अधिक से अधिक ऋण स्वीकृत कराते हुए हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करना है। निगम प्रशासन ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी ए.एच.पी. घटक के अंतर्गत ई.डब्ल्यू.एस. हितग्राहियों से आवास मेले में अनिवार्यतः उपस्थित होकर आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कराते हुए मेले का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया है।

#### पथ विक्रेताओं को भी किया जा रहा लाभान्वित

आवास मेले के दौरान पी.एम स्वनिधि योजना का स्टॉल भी लगाया जाकर स्ट्रीट वेंडर्स को लाभान्वित किया जा रहा है।सिटी मिशन मेनेजर यश रजक ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि यानी पीएम स्वनिधि योजना पुनः शुरू हो गई है,आवास मेले के शिविर के माध्यम से 15000 ऋण हेतु नवीन आवेदन एवं जिन हितग्राहियों ने द्वितीय किश्त 20000 राशि रुपये चुका दिया है उनके लिये 50000 का ऋण हेतु आवेदन लिए जा रहे है,सोमवार को आयोजित मेला के माध्यम से पी.एम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 82 आवेदन प्राप्त किए गए हैं। नगरीय क्षेत्र के सभी पथ विक्रेता इस तीन दिवसीय मेला में पहुँच कर योजना का लाभ अवश्य लें। पहले योजना में स्ट्रीट वेंडरों को 10 हजार, 20 हजार और 50 हजार रुपए तक ऋण दिया जाता था। अब यह राशि 15 हजार, 25 हजार और 50 हजार रुपए तक उपलब्ध कराई जाएगी।

## गुणवत्ताहीन निर्माणाधीन बाउंड्री वाल को तुड़वाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



शासन के सख्त आदेश होने के बावजूद भी पँचायत सचिव व ग्राम सरपंच पँचायत अंतर्गत घटिया गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य करबाने से बाज नही आ रहे हैं। ग्राम पंचायत बुजबुजा के गढ़ौहा की बाउन्ड्री वाल निर्माण में मानकों को दरकिनार कर शासकीय राशि का दुरुपयोग धड़ल्ले से किये जाने की खबर जैसे ही बड़वारा जनपद की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभा तेकाम को लगी उन्होंने मौके पर पहुंचकर तत्काल ही निम्न स्तर की सामग्री से बनवाई जा रही बाउन्ड्री वाल को तुड़वाया एवम पँचायत सचिव व ग्राम सरपंच को सख्त हिदायत दीं की किसी भी स्थिति में शासकीय राशि से निर्माण करवाये जाने वाले कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।

पँचायत के द्वारा करवाये जाने वाले कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखे जाने हेतु जनपद सीईओ प्रभा तेकाम ने सचिव एवम सरपंच को निर्देशित किया।

**खबर संक्षेप**

### छतरपुर में नाबालिग छात्र लापता, परिजनों ने जताई अपहरण की आशंका

**छतरपुर।** ग्राम पाली थाना बिजावर की रहने वाली मालती यादव पति अच्छेलाल यादव (उम्र 40 वर्ष) ने अपने ससुर नत्थू यादव के साथ थाने पहुंचकर बेटे के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसका बड़ा बेटा आशीष यादव उम्र 15 वर्ष छतरपुर के ओम सरस्वती स्कूल में कक्षा 9वीं का छात्र है और पढ़ाई के दौरान हनुमान टोरिया के पीछे स्थित उदगम हॉस्टल में रहता था। दीपावली की छुट्टियों पर वह घर ग्राम पाली आया हुआ था। छुट्टियां समाप्त होने पर 26 अक्टूबर 2025 को दोपहर करीब 3 बजे उसे बिजावर बस स्टैंड से छतरपुर जाने वाली पूजा बस में बैठाया गया था।रात करीब 9 बजे जब महिला ने पड़ोसी नरेंद्र यादव के मोबाइल से हॉस्टल के इंचार्ज भैयाजी पटेल को फोन कर बेटे से बात करनी चाही, तो पता चला कि आशीष यादव हॉस्टल नहीं पहुंचा है। इसके बाद परिजनों ने रातभर बिजावर, मातगुवां और छतरपुर में रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आज सुबह जब परिजनों ने ओम सरस्वती स्कूल में संपर्क किया, तो पता चला कि आशीष स्कूल भी नहीं पहुंचा। महिला ने आशंका जताई है कि अज्ञात व्यक्ति उसके बेटे को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।

### बसों में मनमानी वसूली आरटीओ को सौंपा ज्ञापन

**छतरपुर।** सोमवार को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के कार्यकर्ताओं ने बस यात्रियों से नियम विरुद्ध किराया वसूली एवं बसों में हो रही अनियमितताओं के विरोध में आरटीओ कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने आरटीओ अधिकारी मधु सिंह को ज्ञापन सौंपा और मांग की कि बस संचालकों द्वारा मनमाने तरीके से वसूले जा रहे किरायों पर तत्काल रोक लगाई जाए।आरटीओ अधिकारी मधु सिंह ने बताया कि ट्रांसपोर्ट कमिश्नर एवं कलेक्टर के निर्देशन में निरंतर बसों की जांच की जा रही है। जिन बसों में नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, उनके चालान काटे जा रहे हैं।

### निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण के संबंध में बैठक आज

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार को मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कराने की घोषणा की गई है। इस संबंध में मंगलवार, 28 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मधुवंतराव धुर्वे ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के अध्यक्ष एवं सचिव से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# कोई भी बच्चा टीकाकरण से न छूटे, किसी भी गर्भवती महिला की मृत्यु न होः कलेक्टर

## मैदानी स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मचारियों की जबेरा में खंड-स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं पर विकासखंड जबेरा के आजीविका मिशन भवन में मैदानी स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मचारियों की खंड स्तरीय समीक्षा बैठक ली गई। कलेक्टर श्री कोचर ने आयोजित बैठक में दो प्रमुख बिन्दुओं विशेष टीकाकरण अभियान एवं माह नवंबर में शून्य मातृ मृत्यु पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक दौरान श्री कोचर ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता प्रदायिगी में सुधार जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने सभी अधिकारी/कर्मचारी जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता से काम करें। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिये कि एक भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे व एक भी गर्भवती महिला की मृत्यु न हो।

**विशेष टीकाकरण अभियान** - कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि दमोह जिले में विशेष टीकाकरण अभियान 27 अक्टूबर से चलाया जा रहा है। प्रथम चरण में गृह भेंट कर टीकाकरण के लिए बच्चों की ड्यू लिस्ट तैयार की जा रही है। द्वितीय चरण में तैयार ड्यू लिस्ट



अनुसार सभी बच्चों को पूर्ण टीकाकृत करने का कार्य किया जायेगा इसके उपरांत समीक्षा बैठक में समीक्षा की जायेगी कि कौन से बच्चे टीकाकरण से वंचित है ऐसे सभी बच्चों को तृतीय चरण में पूर्ण टीकाकृत करने का कार्य किया जायेगा।

हमारा लक्ष्य है कि माह नवंबर में एक भी गर्भवती महिला की मृत्यु न हो - कलेक्टर श्री कोचर ने मातृ स्वास्थ्य सेवाओं पर निर्देश देते हुए कहा कि माह नवंबर में मातृ-मृत्यु शून्य करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए पूरे 30 दिन तक समर्पित भाव से कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत हर माह की 9 एवं 25 तारीख को खंड स्तर पर आयोजित होने वाले विशेष क्लीनिक में अब अनमोल पोर्टल एवं पीएमएसएमए पोर्टल के माध्यम से जोखिम युक्त गर्भवती महिलाओं की सूची ब्लॉकवार जिला स्तर से जारी की जायेगी। विशेष पीएमएसएमए दिवस पर पहुँचने वाली हर गर्भवती महिला का मिलान इस सूची से किया जायेगा। इसी तरह हर माह की 2 एवं 16 तारीख को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर आयोजित पीएमएसएमए क्लीनिक में एम ओ और सीएचओ द्वारा अपने क्षेत्र अन्तर्गत नवीन चिन्हित गर्भवती महिलाओं एवं जोखिम वाली महिलाओं को चिन्हित किया जायेगा। ताकि हर जोखिम वाली गर्भवती महिला की फॉलोअप जांच विशेषज्ञ चिकित्सक से सुनिश्चित कराई जा सके। स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा हर बुधवार को नवीन गर्भवती महिलाओं की खोज अपने क्षेत्र अंतर्गत की जायेगी। यह ध्यान रखा जाये कि प्रथम तिमाही में ही गर्भवती महिला की पहचान कर ली जाये। लगातार फालोअप हो और हर महिला की चार जांच सुनिश्चित हो। गर्भावस्था की अंतिम तिमाही 7, 8 एवं 9 वें माह की गर्भवती महिलाओं की अलग से लिस्ट बनायें एवं ईडीडी के आधार पर सप्ताहिक समीक्षा की जाये। जिला स्तर पर बने सुमन हेल्प डेस्क से संपर्क कर उनके स्वास्थ्य पर निगरानी रखी जायें एवं उनके प्रसव का ब्यौरा भी रखा जाये। बैठक दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि माह नवम्बर में विशेष टीकाकरण अभियान एवं माह नवम्बर में एक भी महिला की डेथ न हो। हर ब्लॉक में दोनों अभियानों का नेतृत्व सीबीएमओ करेंगे। और तय करेंगे कि ब्लॉक स्तरीय टीम में शामिल बीपीएम, बीसीएम, बीईई, सेक्टर सुपरवाईजर, सीएचओ, एएनएम, आशा क्या कार्य करेंगे। इसका संचालन के लिए ब्लॉक खंड चिकित्सा अधिकारी पूर्ण रूप से जिम्मेवार होंगे। वे अपने स्तर से ब्लॉक स्तरीय टीम से काम लेगें और एक टीम के रूप में काम करेंगे।

स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में समस्या आने पर इसकी जानकारी मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी को दें। जिला प्रशासन पूरी तरह आपके साथ है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने बताया कि माह नवम्बर में किस प्रकार हर गर्भवती महिला की स्वास्थ्य पर निगरानी रखकर सुरक्षित प्रसव कराया जाये। इस पर विस्तार से जानकारी दी गई। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विक्रांत चौहान ने टीकाकरण अभियान का संचालन किस तरह से किया जाना है इसकी जानकारी मौजूद मैदानी स्वास्थ्य कर्मचारियों से साझा की।

# सिंग्रामपुर में आचार्य विशुद्ध सागर जी की भव्य आगवानी, भक्तिभाव से रंगा पूरा नगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर



सोमवार की दोपहर जबेरा से मंगल विहार करते हुए आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महामुनिराज का सिंग्रामपुर में प्रवेश हुआ तो पूरा नगर भक्ति और उत्साह की आभा में डूब गया। हवाओं में भक्ति, सड़कों पर सजावट और हर चेहरे पर आस्था की चमक — यही दृश्य था जब नगर ने अपने आराध्य संत का स्वागत किया। नगर के प्रमुख मार्गों को रंगोली, पुष्प सज्जा और तोरण द्वारों से सजाया गया था। "जय गुरुदेव" के गगनभेदी जयघोष, बैंड-बाजों की मधुर धुनों और श्रद्धालुओं की भीड़ ने माहौल को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। नन्हे नन्हे बालक धर्म ध्वज थामे आगे बढ़ रहे थे, उनके पीछे भक्ति भाव से ओतप्रोत समाजजन जयकारे लगाते हुए स्वागत यात्रा में शामिल हुए। मुनिश्री का सिंग्रामपुर के नया मंदिर पारसनाथ में मुनि संघ के साथ पहुंचना नगरवासियों के लिए सौभाग्य का क्षण बन गया। वहां भगवान पारसनाथ का दर्शन और पूजा-अर्चना के पश्चात मुनिश्री ने बड़े मंदिर में भी दर्शन कर नगर के कल्याण की मंगल भावना व्यक्त की। इसके उपरांत मुनिश्री का मंगल विहार गुबरा ग्राम की ओर हुआ, जहां रात्रि विश्राम संपन्न होगा। मंगलवार की प्रातः वे कटंगी नगर में मंगल प्रवेश करेंगे और वहां आहारचर्या संपन्न होगी। मुनिश्री का यह पावन मंगल विहार अब जबलपुर दिशा की ओर अग्रसर है, और प्रत्येक नगर में उनके आगमन को लेकर श्रद्धालुओं में गहरी श्रद्धा और उत्सुकता का वातावरण है सिंग्रामपुर का यह भव्य स्वागत न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि इसने यह भी दर्शाया कि परंपरा और भक्ति आज भी समाज के हृदय में उतनी ही जीवंत है जितनी सदियों पहले थी।



# 675 हितग्राहियों का हुआ टीकाकरण

**दमोह।** 27 अक्टूबर को प्रारंभ हुए विशेष टीकाकरण अभियान के प्रथम दिन जिले में कुल 125 सत्रों की योजना बनाई गई थी, जिनमें सभी सत्र सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। शाम 6 बजे तक U-WIN पोर्टल पर 675 हितग्राहियों के टीकाकरण की प्रविष्टि दर्ज की जा चुकी थी। कहीं-कहीं नेटवर्क की समस्या के कारण एएनएम द्वारा देर शाम तक डेटा एंट्री की जा रही है, जिसके चलते टीकाकरण कवरेज के और बढ़ने की पूरी संभावना है। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिले का कोई भी बच्चा या गर्भवती महिला टीकाकरण से वंचित न रहे। उक्ताशय की जानकारी जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने दी।

# गुलबाग के हमले से घायल गोवंश को बजरंग दल ने रेस्क्यू उपचार के बाद गौशाला पहुंचाया

**बनवार।** माला मानगढ़ के घने जंगलों में दर्द से कराह रही एक गोवंश बछिया पर गुलबाग के हमले की सूचना जैसे ही फैली बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बिना समय गंवाए जंगल पहुंचकर उसकी जान बचाने का अभियान शुरू कर दिया। बछिया का जबड़ा बुरी तरह जख्मी था खून से लथपथ अवस्था में वह जंगल में भटक रही थी तभी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मानवता और गौ सेवा का परिचय देते हुए रेस्क्यू किया और स्थानीय पशु चिकित्सक की मदद से उसका तत्काल उपचार कराया। घायल बछिया को पहले सुरक्षित स्थान पर रखकर चारा पानी की व्यवस्था की गई और जब उसकी स्थिति थोड़ी संभली तो कार्यकर्ताओं ने ट्रैक्टर से उसे माला मानगढ़ गौशाला पहुंचाया जहां अब उसकी नियमित देखभाल और उपचार का जिम्मा बजरंग दल के सेवा दलों ने संभाल लिया है गौशाला में विशेष रूप से दिनेश सिंह और दीपक गुप्ता



की टीम ने उसकी सेवा और उपचार के लिए कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई है ताकि बछिया जल्द पूरी तरह स्वस्थ हो सके। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने बताया कि माला पोड़ी लिंक रोड से लगे जंगलों में गुलबाग जैसे जंगली जानवर अक्सर आवारा गोवंश पर हमला कर देते हैं लेकिन इस बार संगठन के सतर्क कार्यकर्ताओं ने त्वरित रेस्क्यू कर एक निर्दोष प्राणी की जान बचाई घायल गोवंश के प्रति दिखाई गई यह सेवा भावना अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है क्योंकि जहां लोग जंगली हमले से डरते हैं वहीं इन कार्यकर्ताओं ने जान जोखिम में डालकर पशु सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बजरंग दल की इस सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि यह केवल रेस्क्यू नहीं बल्कि दया करुणा और धर्म का जीवंत उदाहरण है सच्ची गौ सेवा वही है जिसमें न भय हो न स्वार्थ और न दिखावा बल्कि सेवा के प्रति श्रद्धा और संवेदना हो।

# सहस्त्रबाहु जयंती की पूर्व संध्या पर किये आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलचुरी महिला समिति दमोह द्वारा सहस्त्रबाहु जयंती की पूर्व संध्या पर श्रीमती मंजू वीरू राय नगर पालिका अध्यक्ष की की उपस्थिति में दीपावली मिलन कार्यक्रम एवं सहस्त्रबाहु भगवान का पूजन अर्चन सभी कलचुरी महिला समिति के सदस्यों द्वारा किया गया दीपावली कार्यक्रम की संयोजक सरिता राय श्रीमती प्रमिला छोटे गुड्डू अशोक राय श्रीमती मयूरी राजा राय श्रीमती आराधना धर्मेंद्र राय श्रीमती नीलू श्रीमती अर्चना प्रियंका शिवहरे आदि उनके साथियों द्वारा सभी कलचुरी समिति की सदस्यों का अभिनंदन किया। वरिष्ठ साहित्यकार आराधना डॉ.गणेश राय इमलाई द्वारा वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान श्रीमती लीला सुखचैन राय श्रीमती उषा शिव हरे श्रीफल शॉल द्वारा सम्मान किया गया श्रीमती मंजू राय नगर पालिका अध्यक्ष का स्वागत मयूरी राय द्वारा समाज की वरिष्ठ सदस्य श्रीमती



लीला राय का स्वागत श्रीमती प्रमिला राय द्वारा सचिव डॉ.सोनल राय का स्वागत मयूरी राय एवं जिला अध्यक्ष श्रीमती सरोज राय का स्वागत श्रीमती किरण राय द्वारा किया गया। इसके उपरांत सदस्यों द्वारा नृत्य किया गया कुर्सी दौड़ का आयोजन करते हुए सभी ने आनंद लिया श्रीमती गायत्री राय श्रीमती शीला राय उषा राय प्रीति राय अनुष्का प्रीति रीता रंजना राय निधि गोपाल राय संगीता राय सपना राय अंशु राय पूजा राय लता राय प्रीति प्रदीप राय विनीता राय सरला राय अनसुईया राय मानसी राय सीमा राय निधि पवन राय रंजना चौकसे मुखारिया दीदी सरला राय रुक्मणि राय सुनीता राय सीमा राय प्रीजल राय अनीता राय पूजा राय मंजूषा राय प्रभा राय भारती राय अनिता राय विजेता राय हटा से साधना राय आदि की उपस्थिति रही दमोह कलचुरि महिला समिति 12 अक्टूबर 2025 को राज्य कैविनेट मंत्री दिलीप जायसवाल भोपाल की महापौर मालती राय की अध्यता में पदाधिकारी नियुक्त महिलाओं श्रीमती कल्पना राय अध्यक्ष डॉ.सोनल राय उपाध्यक्ष किरण राय महामंत्री आराधना राय इमलाई कोषाध्यक्ष का सम्मान किया गया आभार आराधना राय इमलाई ने माना।

### गजेंद्र चौबे के निधन से खेल जगत में शोक



**दमोह।** दमोह हॉकी दमोह के वरिष्ठ गोलकीपर गजेंद्र चौबे का निधन गत दिवस हो गया। कल अंतिम यात्रा मे सीतावावरी श्मशान घाट मे सभी वर्ग के शुभचिंतक ने अंतिम विदाई दी। सुबह हॉकी टरफ मैदान पर हॉकी दमोह के खिलाडियो ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर हरिशंकर यादव, ललित नायक ने उनके खेल जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विवियन राम, इमरान अरमान, यशवंत मुहीद, आस्था शैलजा तथा उपस्थित खिलाडियो ने दो मिनट का मौन रखकर अपनी सम्वेदना व्यक्त की।

### तारादेही मंडल अध्यक्ष को मिला पहला स्थान



**तारादेही।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री का संदेश 26 अक्टूबर को सुबह 11:00 से मोदी के मन की बात कार्यक्रम संपन्न भाजपा मंडल तारादेही विधानसभा क्षेत्र 56 जबेरा जिला दमोह पूरे मध्य प्रदेश में 66 व स्थान हासिल किया दमोह जिले में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ विधानसभा में पहला स्थान प्राप्त किया जिसमें तारादेही मंडल अध्यक्ष डॉ मनोहर लोधी ने अपने मंडल के सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत संगठन के प्रति समर्पित सभी बूथ अध्यक्ष और साथी पदाधिकारी गण का सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया

### प्रसिद्ध देवी गीत गायिका शहनाज़ अख्तर की प्रस्तुतियों ने किया भावविभोर



**दमोह।** संजय सरवरिया द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी "बुंदेली जलवा महोत्सव 2025" का आयोजन स्थानीय तहसील ग्राउंड दमोह में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना कर महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान प्रसिद्ध देवी गीत गायिका शहनाज अख्तर जी सहित अन्य कलाकारों ने भजनों से उपस्थित सभीजनों का मनमोह लिया। महोत्सव में स्थानीय कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बारिश के व्यवधान के बावजूद कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, श्रृद्धालुओं ने भक्ति गीतों पर जमकर नृत्य किया और कलाकारों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि "बुंदेली जलवा महोत्सव" बुंदेलखंड की गौरवशाली लोकसंस्कृति, परंपरा और संगीत का जीवंत उदाहरण है। कार्यक्रम में सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने भी उपस्थिति दर्ज की। वही शहनाज अख्तर के द्वारा जब पंडा को लग गई चुड़ेलन गीत गाया तो मध्य प्रदेश सरकार के संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी सांसद राहुल सिंह लोधी भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे सहित मौजूद कार्यकर्ता आयोजक सहित बड़ी संख्या में जनमानस झुमता नाचता नजर आया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजक संजय सरवरिया ने आभार व्यक्त किया।

### शोधार्थी राजेश जैन को मौखिकी में पीएचडी उपाधि की अनुशंसा

**दमोह।** एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह के कला एवं मानविकी संकाय के अंतर्गत हिंदी विभाग के शोधार्थी राजेश कुमार जैन की पी-एच. डी. शोध प्रबन्ध की मौखिकी परीक्षा सम्पन्न हुई, राजेश जैन ने आचार्य श्री विशुद्धसागर कृत वस्तुत्व महाकाव्य का समालोचनात्मक अध्ययन विषय पर डॉ. अभिषेक कुमार जैन शिक्षाचार्य, एसोसिएट प्रोफेसर ,अध्यक्ष,हिंदी विभाग के निर्देशन में यह शोध कार्य सम्पन्न किया। यह शोध प्रबंध 21 वीं सदी के आचार्य श्री विशुद्ध सागर कृत वस्तुत्व महाकाव्य में वर्णित द्रव्य वस्तु विचार, तत्व विचार, प्रमाण नय



विचार,आचार व्यवस्था, विविध जीवनमूल्यों पर आधारित है ,जिसमें शोधार्थी ने हिंदी साहित्य के विकास में ज्ञान परंपरा को केंद्रित करते हुए वस्तुत्व महाकाव्य में वर्णित दार्शनिक ,सामाजिक , राजनैतिक जीवन मूल्य, धार्मिक जीवन मूल्य, नैतिक जीवन मूल्य आदि जीवन मूल्यों का मानव समाज तथा प्राणिमात्र के लिए उपादेयता को प्रमाण सहित सिद्ध किया गया हैं। जिससे वर्तमान में प्रचलित सामाजिक राजनीतिक ,धार्मिक ,आध्यात्मिक व्यवस्थाओं को जीवन मूल्यात्मक परिवेश में किस प्रकार ढाल कर संस्कृति का उत्थान किया जा सकता है ।ऐसी अनेक बातों पर 6 अध्यायों में शोधात्मक निष्कर्ष दिए गए हैं । शोध यात्रा में विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, श्रीमति पूजा मलैया एवं श्रीमति रति मलैया प्रतिकुलाधिपति का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. पवन कुमार जैन की अध्यक्षता में मौखिकी परीक्षा दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को सम्पन्न हुई। मौखिकी परीक्षा हेतु प्रोफेसर चंदा वेन , अध्यक्ष हिंदी विभाग, डॉ हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर मध्य प्रदेश को आमंत्रित किया गया था, उन्होंने पी-एच. डी. मौखिकी परीक्षा विधिवत सम्पन्न कराई। इस अवसर पर प्रो. आर. सी. जैन, अधिष्ठाता, कला एवं मानविकी संकाय, डीन अकेडमिक प्रोफेसर जे.पी. शमा खानम, डॉ. निधि असाटी बेसिक एंड अप्लाइड साइंस, डॉ उषा खंडेलवाल,डॉ.सूर्यनारायण गौतम, डॉ एस के तिवारी संस्कृत विभाग, डॉ आशीष जैन, जैन और प्राकृत अध्ययन विभागाध्यक्ष, डॉ अनिल पिंपलापुरे इंजिनियरिंग विभाग, डॉ. विवेक गेडाम, सहायक निदेशक, शोध विकास विभाग, डॉ एस एन गौतम, डॉ एस के तिवारी, डॉ विजय साहू,डॉ. प्रमिला कुशवाहा, डॉ दीपक रजक, डॉ. वन्दना पाण्डेय, डॉ दुर्गा महोबिया, , डॉ. मनीषा दीक्षित, डॉ विजया लक्ष्मी, डॉ वंदना शुक्ला, डॉ वैभव केथवास, डॉ सरिता,ईशा सचदेव आदि मान्य गण तथा सहकर्मी गोविंद, आकाश, महेश, सतेंद्र आदि भी उपस्थित रहे।

# सिंग्रामपुर में गूंजा नारा : नशामुक्त ग्राम हमारा लक्ष्य



**सिंग्रामपुर।** सिंग्रामपुर के ग्रामीणों ने सोमवार को वह कर दिखाया जो अक्सर कहा तो जाता है लेकिन किया नहीं जाता। भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वावधान में ग्राम सिंग्रामपुर में शराबबंदी को लेकर एक विशाल जागरूकता और विरोध प्रदर्शन आयोजित हुआ जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। शिव मंदिर परिसर में सामूहिक रूप से नशा न करने का संकल्प लिया गांव की गलियों में भक्ति और बदलाव का माहौल था। महिलाएं युवाएं और बुजुर्ग सभी एकजुट होकर बोले अब नहीं सहेंगे नशे की बुराई सिंग्रामपुर बनेगा मिसाल। सभा में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि ग्राम में यदि कोई व्यक्ति शराब पीकर उत्पात मचाएगा या किसी को परेशान करेगा तो उस पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं जो भी अवैध रूप से शराब बेचेगा उससे दस हजार रुपये का दंड ग्राम पंचायत को जमा कराना होगा यह निर्णय ग्राम की सामाजिक एकता और जिम्मेदारी का प्रतीक बना क्योंकि सभी ने माना कि नशा केवल व्यक्ति को नहीं बल्कि परिवार और पूरे समाज को खोखला कर देता है। इस आयोजन में भगवती मानव कल्याण संगठन के उपाध्यक्ष सुजान सिंह लोधी, सरपंच प्रतिनिधि अजय सोनकर, सचिव राकेश सिंह ठाकुर, कमलेश ताम्रकार, देवेंद्र पटेल, बहादुर राय, भागचंद यादव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण उपस्थित रहे संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि अब समय है जब हर गांव नशामुक्ति की दिशा में आगे बढ़े ताकि युवाओं का भविष्य सुरक्षित रहे। और समाज में शांति और सौहार्द बना रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में नशामुक्त ग्राम हमारा लक्ष्य का नारा लगाया और शिक्षा संस्कार और स्वच्छ जीवन शैली को अपनाने का संकल्प लिया। गांव में भले यह आंदोलन एक दिन का कार्यक्रम रहा हो लेकिन इसके स्वर अब हर घर हर चौपाल और हर मन में गूंज रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर से टकराया बाइक सवार गंभीर रूप से घायल जबलपुर रेफर

**तेंदूखेड़ा।** सोमवार की शाम साढ़े 7 बजे नगर के रेस्ट हाउस के सामने एक तेज रफ्तार बाइक सवार ट्रैक्टर से टकराने से गंभीर रूप से घायल हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है घटना की सूचना लोगों द्वारा पुलिस को दी गई घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार राजा पिता छोटेलाल यादव निवासी पौड़ी चौपरा थाना नोहटा है जो कि बाइक से चौराई के समीप डीजल लेने गया था जहां से वापस डीजल लेकर खकरिया गांव जा रहा था लेकिन तारादेही मार्ग पर स्थित रेस्ट हाउस के समीप ट्रैक्टर से टकरा गया और गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां पर डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के चलते घायल युवक को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है वहीं पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### यातयात नियमों के उल्लंघन पर की कार्यवाही

**दमोह।** यातायात पुलिस दमोह द्वारा मारुताल चौराहे पर चैकिंग प्वाइंट लगा कर यातयात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में 24 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 62,900/- रूपये का समन शुल्क बसूला गया।

### तेजगढ़ पुलिस ने की कार्रवाई

# पुलिस ने बाईक चोरी एवं ट्रेक्टर किराये पर लेकर बेचने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

थाना तेजगढ़ पुलिस द्वारा दो अलग-अलग प्रकरणों में प्रभावी कार्यवाही करते हुए मोटर साइकिल चोरी एवं ट्रेक्टर किराये पर लेकर धोखाधड़ी कर बेचने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोटर साइकिल चोरी का मामला दिनांक 01/06/2025 को घटित हुआ। रात ग्राम बंजरयाऊ निवासी रामसहाय के घर के बाहर खड़ी मोटर साइकिल क्रमांक MP34MP6323 अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी। इस संबंध में थाना तेजगढ़ में अपराध क्रमांक 210/25 धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने संदेही राज पिता विनोद वंशवर्ती निवासी चंडी चौपरा एवं वीरू उर्फ वीरेन्द्र पिता रेवाराम बसोर निवासी तेजगढ़ को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने उक्त मोटर साइकिल ग्राम बंजरयाऊ से चोरी की थी। चोरी के बाद मोटर साइकिल की नंबर प्लेट निकालकर फेंक दी तथा अपनी



पुरानी मोटर साइकिल की नंबर प्लेट लगाकर रंग बदल दिया ताकि कोई पहचान न सके। दोनों मोटर साइकिलों के इंजन और चैसिस नंबर समान पाए जाने पर चोरी गई मोटर साइकिल को जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया एवं माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### ट्रेक्टर किराये पर लेकर बेचने का मामला

दिनांक 23/10/2025 को प्रार्थी कपिल कुमार साहू पिता रामकुमार साहू निवासी बघराजी थाना कुंडम ने थाना तेजगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने अपना आयसर ट्रेक्टर क्रमांक **MP**20**AB**4203 मय ट्राली को दीपक पुरी गोस्वामी निवासी इन्द्राना को किराये पर दिया था। आरोपी दीपक पुरी गोस्वामी ने अपने साथियों विमल पटेल निवासी किसरोद थाना शहपुरा एवं किशोर पटेल निवासी किसरोद थाना शहपुरा के साथ मिलकर उक्त ट्रेक्टर को बेईमानीपूर्वक किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया। पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही कर ट्रेक्टर को ग्राम मोहरा थाना तेजगढ़ क्षेत्र से बरामद किया गया। उक्त तीनों आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर अग्रिम विवेचना हेतु थाना मझौली को भेजा गया है। विवेचना में यह भी पाया गया है कि आरोपियों ने इसी प्रकार कई अन्य किसानों के साथ भी धोखाधड़ी की है, जिसकी जांच जारी है। पुलिस की कार्यवाही एवं मार्गदर्शन उक्त दोनों प्रकरणों में पुलिस अधीक्षक द्वारा सघन जांच एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए थे, जिसके अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एस.डी.ओ.पी. के मार्गदर्शन में थाना तेजगढ़ पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। थाना प्रभारी उप निरीक्षक अरविंद सिंह, सउनि सतेन्द्र सिंह राजपूत, प्र.आर. संदीप महोविया, आर. चैनसिंह, आर. देवराज, आर. प्रमोद, आर. उमेश, जी.आर.एस. बलराम शर्मा एवं जी.आर.एस. राकेश पाठक का सराहनीय योगदान रहा है।

# जबेरा के प्राचीन बांणा तालाब के जीर्णोद्धार कराए जाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जबेरा नगर के प्राचीन बांणा तालाब के जीर्णोद्धार कराए जाने की मांग को लेकर जबेरा जनपद सीईओ के नाम सोमवार को पंचायत इंस्पेक्टर निरपत सिंह परस्ते को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि जबेरा नगर का एकमात्र शासकीय प्राचीन बांणा तालाब वर्तमान में जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते मिटने की कगार पर पहुंच चुका है। जिसमें कभी नगर की अधिकांश आबादी का उपयोग होता था एवं मवेशियों को पानी पीने के लिए नगर के बीच में यही एकमात्र जल स्त्रोत है। साथ ही इस प्राचीन बांणा तालाब में सदियों से नगर की करीब सत्तर फीसदी आबादी का नहाना कपड़े धोना आदि अन्य निस्तार होता आया है एवं बुजुर्ग लोगों के अनुसार इस प्राचीन तालाब के शुद्ध जल से अधिकांश घरों में दाल तक पकाई जाती थी। ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में प्रशासन की बेरुखी एवं जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते यह तालाब मलवे के ढेर में तब्दील हो गया है जहां पर कचरें और गंदगी का अंबार लगा हुआ है। साथ ही इस तालाब के कीमती पत्थर और घाट तक लोगों द्वारा चोरी कर लिए गए एवं तालाब के चारों ओर इतनी गंदगी फैली हुई है कि यहां से निकलना भी लोगों को दूभर हो रहा है। इसी तरह तालाब के जीर्ण-शीर्ण हालत में होने के कारण तालाब में पानी नहीं थमता जिसके चलते नगर में समय से पूर्व जल संकट की स्थिति निर्मित हो जाती है और लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ता है एवं पानी के अभाव में मवेशी प्यास से भटकते हुए दम तक तोड़ देते हैं। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है की शासन द्वारा प्राचीन जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कराने के लिए अनेकों योजनाएं चलाई जा रही है। किन्तु जबेरा नगर के एकमात्र शासकीय प्राचीन बांणा तालाब शासन की सभी योजनाओं से वंचित है जिसके चलते इस प्राचीन तालाब का अस्तित्व ही मिटने की कगार पर पहुंच चुका है। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि समस्त ग्राम वासियों की जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस प्राचीन बांणा तालाब का शीघ्र ही जीर्णोद्धार कराया जाए जिससे पूर्व की भांति इसका उपयोग लोगों द्वारा किया जा सके और आने वाले जल संकट से लोगों को जूझना ना पड़े। साथ ही प्यास से भटकते मवेशियों को भी सुगमता से पानी उपलब्ध हो सकने की मांग ज्ञापन में की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से डीपी शर्मा, रमेश अवस्थी, लल्लू शर्मा, राजा घोसी, वित्तन प्रजापति, सुभाष विश्वकर्मा, दिव्वो विश्वकर्मा, राजेश बाजपेई आदि मौजूद रहे।

# सरदार पटेल की जन्मजयंती पर होगी यूनिटी मार्च




**दमोह।** लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले "सरदार @150 यूनिटी मार्च" के संदर्भ में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, मध्यप्रदेश शासन में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक एवं धर्मस्य विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी, दमोह संसदीय क्षेत्र सांसद राहुल सिंह लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटैल, जिला महामंत्री महेश पटैल, पूर्व जिला महामंत्री गोपाल पटैल, जिला उपाध्यक्ष संजय सेन, जिला मंत्री कपिल शुक्ला, भरत यादव, जिला मीडिया प्रभारी एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रिंस जैन, मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चौरसिया, रमाकांत बाजपेयी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र राठौर मंचासीन रहे। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि सरदार पटेल जी ने जिस एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश दिया, वह आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके आदर्शों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। ₹सरदार @150 यूनिटी मार्च' का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, संगठन और एकता की भावना को जागृत करना है। मध्यप्रदेश शासन में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना है। सरदार पटेल ने जिस तरह बिखरे हुए भारत को एक भारत बनाया, उसी भावना को यह पदयात्रा आगे बढ़ाएगी। दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, माय भारत के माध्यम से विकसित भारत पदयात्राएँ आयोजित कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावना को मजबूत करना है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन भागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। इसमें युवा से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक सभी मिलकर देश के इतिहास को याद करते हैं और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाते हैं। खासकर अमृत पीढ़ी यानी आज के युवाओं की भूमिका पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी पहल के तहत, 6 अक्टूबर 2025 को मंत्रालय ने **Sardar@**150 यूनिटी मार्च की शुरुआत की। यह भारत सरकार और माय भारत की पहल है, जो लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है। अभियान संयोजक एवं जिला महामंत्री महेश पटेल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित यूनिटी मार्च हम सभी के लिए एक माध्यम है समाज में एकता एवं अखंडता बनाए रखने के लिए। जिला मीडिया प्रभारी प्रिंस जैन ने सभी पत्रकार बंधुओं को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी 150 की जयंती के अवसर पर आयोजित यूनिटी मार्च में समाज का प्रत्येक वर्ग, समुदाय, नारीशक्ति, एवं युवा शक्ति सम्मिलित हो यही कार्यक्रम की सार्थकता होगी। पत्रकार वार्ता का संचालन एवं प्रस्तावना अभियान संयोजक जिला महामंत्री महेश पटेल किया एवं आभार प्रकट जिला मीडिया प्रभारी प्रिंस जैन ने किया।

# तेंदूखेड़ा के अतुल खत्री आज कौन बनेगा करोड़पति की हॉट सीट पर




**तेंदूखेड़ा।** नगर के गौरव अतुल खत्री आज देश के सबसे लोकप्रिय ज्ञानवर्धक टीवी शो "कौन बनेगा करोड़पति" (KBC) की हॉट सीट पर नजर आएंगे। सोनी टीवी पर प्रसारित होने वाले इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में अतुल खत्री अपनी बुद्धिमत्ता, आत्मविश्वास और शांत स्वभाव से दर्शकों का दिल जीतेंगे। अतुल खत्री ने अपने क्षेत्र तेंदूखेड़ा का नाम रोशन करते हुए यह सिद्ध कर दिया है कि लगन, मेहनत और ज्ञान से कोई भी ऊँचाइयों को छू सकता है। शो में वे मेजबान अमिताभ बच्चन के साथ सवालों के जवाब देते हुए अपने जीवन के अनुभव भी साझा करेंगे। पीएचई विभाग में मैकेनिक के पद पर पदस्थ आनंदीलाल खत्री के सबसे छोटे पुत्र है उनके दो बड़े भाई एवं एक बहिन आर्म्स फोर्स मै पदस्थ है वार्ड क्रमांक 11 के निवासी हैं उन्होंने 12 सवालों के सही जवाब देकर 12लाख 50 हजार रुपए जीते हैं 25 लाख के सवाल पर वे क्यूट कर गए। तेंदूखेड़ा के लोगों में इस अवसर को लेकर उत्साह का माहौल है। सभी लोग अपने प्रिय बेटे, भाई और मित्र अतुल खत्री को टीवी स्क्रीन पर देखने के लिए उत्सुक हैं।

# हम अभिमान में भगवान को भूल रहे है : जगतगुरु स्वामी अनंताचार्य

**दमोह।** श्री सिद्ध बाबा महाराज हटा के दरबार में श्रीमद् भागवत महापुराण के तृतीय दिवस में जगतगुरु स्वामी अनंताचार्य अमृत जी महाराज ने बताया कि गजेन्द्र नाम का हाथी अपने परिवार के साथ सरोवर में स्नान करने आया और जलक्रीड़ा करने लगा। इतने में उसका पर एक ग्राह ने पकड़ लिया गजेन्द्र ने बहुत कोशिश की लेकिन ग्राह ने गजेन्द्र को पानी में डुबाना प्रारंभ किया। जब गजेन्द्र डूबने लगा तब उसे सत्य का ज्ञान हुआ कि अब मेरी मदद भगवान के अलावा कोई कर नहीं सकता तो डूबते हुए उसने भगवान का नाम लिया। भगवान ने ग्राह का बध कर दिया। गजेन्द्र मुक्त हुआ। यह कथा शिक्षा देती है कि हम भी अपने परिवार के अभिमान में भगवान को भूल रहे है, जबकि आखिरी समय में अगर साथ देगे तो भगवान ओर कोई नहीं इसलिए भगवान का स्मरण करते रहे।



# किताब 'ने करो 9' का विमोचन प्रसिद्ध फ़िल्मी गीतकार समीर अनजान ने किया



**दमोह।** लेखक एवं समाजसेवी सत्येंद्र तुलाराम साहू के द्वारा लिखित किताब ने करो 9 का विमोचन आर के क्रिएशन्स के तत्वाधान में स्वर्गीय अनजान जी के 95वा जन्मदिवस पर गीतों की सुरमई शाम एवं चित्रों की प्रदर्शनी के आयोजन में 26 अक्टूबर रविवार को शाम 6 वजे से देर रात तक चलें रंगारंग कार्यक्रम में रविंद्र भवन भोपाल में मुंबई से आकर प्रसिद्ध फ़िल्मी गीतकार समीर अनजान ने किया.एवं उनके साथ वॉलीबुड सिंगर अनिल श्रीवास्तव (के फॉर किशोर),आदर्श जोशी,विपिन शर्मा,अंशुल माथुर, संतोष तिवारी,मधु चौधरी,रूपा हबलदार,संघमित्राखेरनार, शक्ति दुबे,रवि कुमार ने भी रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के आयोजक प्रदीप शर्मा,आर के शर्मा एवं विशेष सहयोगी आशीष दुबे ने मंच पर उपस्थित सभी कलाकारों एवं गीतों की सुरमई शाम एवं चित्रों की प्रदर्शनी कार्यक्रम में रविंद्र भवन अंजनी सभागार में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत वंदन किया। लेखक सत्येंद्र तुलाराम साहू ने बताया कि नकरात्मक से सकरात्मक की ओर अलख जगाने की कोशिश कर रहा हूँ। इधर उधर बिखरे पड़े विचारों, उक्तियों, सुक्तियों से सजाकर ने करो प्रथम संस्करण से नवमें संस्करण किताब की अपार सफलता के बाद ने करो 10 दसवां संस्करण भी लिखकर प्रकाशित करने की कोशिश करूंगा।

# महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद के लिए की दावेदारी पेश की



पर्यवेक्षक मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव श्रीमती रजनी वर्मा ने कांग्रेस जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों से मुलाकात की। महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव श्रीमती रजनी वर्मा का स्वागत पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती रजनी ठाकुर ने शाल, पुष्प माला से स्वागत किया। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में संगठनात्मक बैठक हुई। जिसमें पर्यवेक्षक ने जिले में महिला कांग्रेस अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति की प्रोसेस बताई। जिसके बाद उन्होंने जिले की वरिष्ठ महिला नेत्रियों से सक्रिय महिला कार्यकर्ताओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान कई कार्यकर्ताओं ने महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी की। उन्होंने पर्यवेक्षक को अपने कार्यों का लेखा—जोखा सौंपा। पर्यवेक्षक श्रीमती रजनी वर्मा ने कहा कि प्रदेशभर में महिला कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी का गठन किया जाना है। इसके लिए सक्रिय कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम रहेगी। संगठन में मजबूती लाने के लिए जमीनी स्तर पर काम करना होगा। प्रदेश स्तर पर हर जिले में सर्वे शुरू किया जाना है। पर्यवेक्षक ने कहा कि सर्वे में जो नाम आएंगे, उनमें से एक को महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष चुना जाएगा। इस दौरान पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी ठाकुर नगरपालिका उपाध्यक्ष श्रीमती सुषमा ठाकुर कमला निषाद संध्या नायक गीता लोधी गीता तिवारी अंजलि राय प्रीति गौतम संगीता रौतेला लीला राठौर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटेल, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष मनु मिश्रा जी सेवा दल अध्यक्ष संजय चौरसिया जी अजय जाटव प्रदीप पटेल परम यादव मुकेश रोहितदास शैलेन्द्र ठाकुर नितिन मिश्रा रमेश राठौर राजा रौतेला इनायत खान, बशीर खान, चिश्ती, मंजीत यादव, वीरेंद्र ठाकुर, विजय बहादुर रौतेला समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना के लाभाविन्त गरीब त्यौहार व छुट्टी के दिन भोजन के लिए भटकते

# ये कैसी योजना : छुट्टी के दिन गरीब को भोजन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

प्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा गरीब व जरूरतमंद लोगों के लिए नाम मात्र का शुल्क लेकर भरपेट भोजन कराने के लिए शुरू की गई दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना नगर पालिका परिषद द्वारा सागर की संस्था एसजीएस के माध्यम से सिविल अस्पताल हटा की परिसर में संचालित की जा रही है जो कागजों में तो नियमित दिखाई देती है, लेकिन हकीकत में रसोई केंद्र आए दिन छुट्टी के नाम पर बंद रहता है। जिससे भोजन की आस लेकर आने वाले लोगों को निराश होकर लौटना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों ने बताया की रसोई केंद्र का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए और योजना के नियम भी यही है जिम्मेदारों पर नियम लागू किए जाए ताकि योजना का असल लाभ गरीबों तक पहुंच सके।




दीनदयाल अंत्योदय रसोई केंद्र के खुलने का समय आमतौर पर शहरी क्षेत्रों में रहने वाले गरीब परिवारों, काम की तलाश करने वालों और आश्रयहीन लोगों को ध्यान में रखकर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तय किया गया है। लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना का लाभ जरुरतमंदों को रोज मिले, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर संचालित योजना किसी त्यौहार पर बंद नहीं रहती है, क्योंकि यह एक सार्वजनिक सेवा है जो जरूरतमंदो को सस्ता भोजन उपलब्ध कराती है जिससे नगर के कुछ गरीब जरूरतमंद व्यक्ति नगर में योजना संचालित होने से अब इस पर आश्रित रहते हैं और रोजाना भोजन की आस लगाकर रसोई पहुंचते हैं। जबकि हटा की रसोई योजना रविवार व मुख्य त्यौहार पर गरीबों को भूखा रखती है, यह कैसा सरकारी नियम है, क्या गरीब असहाय व्यक्ति रविवार के अलावा दीपावली जैसे त्योहार पर भोजन नहीं करेंगे भूखे रहेंगे, यह कैसी योजना है, क्या इस ओर कभी जिम्मेदार अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों ने कभी त्योहार पर जाकर निरीक्षण किया है या इसके बारे में जरा भी सोचा है कि सरकार द्वारा संचालित दीनदयाल रसोई योजना की क्या नियमावली है गरीबों को सही भोजन मिल रहा है या नहीं जिसे ठेकेदार के हाल पर छोड़ दिया गया है। जबकि इस तरह की किसी भी सार्वजनिक सेवा को मुख्य त्योहार के कारण बंद नहीं किया जाता है। जब इस संबंध में नगर पालिका में पदस्थ सामुदायिक संगठक डीपी साहू से बात की तो उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार पूरे वर्ष में 310 दिन दीनदयाल रसोई का संचालन किया जा है और हर रविवार छुट्टी के दिन बंद रहता है त्यौहार की छुट्टी की जानकारी अभी नहीं बता पायेंगे।

भावपूर्ण श्रद्धांजलि



स्व. हरप्रसाद चौरसिया (डुम्मन)
देवलोक गमन-16/10/2025,
श्रद्धांजलि सभा
में आप सभी सादर आमंत्रित हैं
दिनांक-28.10.2025, दिन-मंगलवार, समय दोपहर 3:00 बजें से
स्थान-मंगल भवन, पुरानी अस्पताल पटेरा, जिला-दमोह
शोकाकुल
भाई- अमृतलाल, रम्मू, भागीरथ, चन्दू, कोमल चौरसिया
पुत्र- अंशुल चौरसिया
भतीजे - हरवंश, रामेश्वर, भान, स्वतंत्र, राजु, नीतेश, सीताराम चौरसिया
शोकाकुल-समस्त चौरसिया परिवार पटेरा